उद्यमियों को नवाचार और कार्यकुशलता के आधार पर आधुनिक और जीवंत राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना होगा: लोक सभा अध्यक्ष

...

भारतीय उद्यमी विश्व को कम लागत, उच्च गुणवत्ता और पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल उत्पाद और सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं: लोक सभा अध्यक्ष

...

वैश्विक चुनौतियों के समाधान आम सहमति और संवाद से ही निकल सकते है: लोक सभा अध्यक्ष

...

डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेमोग्राफी भारत की ताकत: लोक सभा अध्यक्ष

...

नई दिल्ली; 23 दिसंबर, 2023: एक उद्यमी संगठन के गुड़गांव चैप्टर ने आज संसद भवन परिसर में लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला से मुलाकात की। उद्यमियों के साथ बातचीत के दौरान, श्री बिरला ने उनसे नवाचार,और उत्कृष्टता के आधार पर आधुनिक और जीवंत राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया।

भारत के डेमोग्राफिक डिविडेंड पर प्रकाश डालते हुए, श्री बिरला ने कहा कि आज के युवा उद्यमी 2047 में भारत को एक विकसित देश के रूप में उभरने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवाचार, शोध और परिश्रम के बल पर भारतीय युवा सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियाँ का समाधान प्रदान कर रहे हैं।

भारत की आर्थिक वृद्धि और गतिशीलता के संदर्भ में, श्री बिरला ने जोर देकर कहा कि प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, देश अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। श्री बिरला ने कहा कि भारतीय उद्यमी कम लागत, उच्च गुणवत्ता और पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल उत्पाद और सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। वैश्विक सप्लाई हब और बाजार के रूप में भारत के उदय के विषय में बोलते हुए, श्री बिरला ने उल्लेख किया कि वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरेगा।

भारत के लोकतंत्र की जीवंतता और विविधता का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और सत्ता का सुचारु हस्तांतरण भारतीय संसदीय लोकतंत्र की पहचान हैं। यह कहते हुए कि डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेमोग्राफी भारत की ताकत हैं, श्री बिरला ने जी20 शिखर सम्मेलन में भारत के उत्कृष्ट नेतृत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन के दौरान भारत ने दिखाया कि वैश्विक चुनौतियों के समाधान वसुधैव कुटुंबकम की भावना पर आधारित आम सहमति और बातचीत से ही आ सकते है।